**प्रति,**

समस्त प्राचार्य,

शासकीय/शासकीय अनुदान प्राप्त उच्च/उच्चतर माध्यमिक

विद्यालय छ.ग.

**विषयः** दीक्षा एप/पोर्टल पर भारत सरकार के निष्ठा सेकेण्डरी 2.0 ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से कक्षा नवी से बारहवीं के समस्त प्राचार्यों एवं शिक्षकों (व्याख्याता, व्याख्याता व्यवसायिक, व्याख्याता एल. बी.) के ऑनलाइन प्रशिक्षण विषयक।

---000---

NISHTHA (National Initiative for school Heads and Teacher's Holistic Advancement), समग्र शिक्षा के तहत एक समग्र कार्यक्रम है यह शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है। यह बच्चों के समग्र विकास पर बात करता है। यह पाठ्यक्रम, सीखने के परिणामों और शिक्षार्थी केन्द्रित शिक्षण शास्त्र पर केन्द्रित है एवं NEP 2020 में प्रत्येक शिक्षक एवं शाला प्रमुखों के प्रति वर्ष 50 घंटे या उससे अधिक सतत् व्यवसायिक विकास माड्यूल में भाग लेने के अवसर प्रदान करता है। जिसमें नेतृत्व प्रबंधन के साथ-साथ शिक्षण सामग्री और शिक्षण शास्त्र को शामिल किया गया है। इसमें योग्यता आधारित शिक्षण के आधार पर शैक्षणिक योजनाओं को तैयार करने में और लागू करने पर ध्यान दिया गया है। इसका उददेश्य शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों का व्यवसायिक विकास करना है।

निष्ठा कार्यक्रम तीन स्तरों में क्रियान्वयन किया गया है। वर्ष 2019-21 में छत्तीसगढ़ में प्राथमिक शिक्षा स्तर (कक्षा 1 से 8) के शिक्षक एवं शाला प्रमुखों ने प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

निष्ठा 2.0 सेकेण्डरी का कार्यक्रम 01 अगस्त 2021 से प्रारंभ होने जा रहा है **(यद्यपि यह कार्यक्रम 01 अगस्त से प्रारंभ हाने जा रहा है, तथापि यह 01 अगस्त से 25 अगस्त 2021 तक नामांकन के लिए उपलब्ध रहेगा)**। यह 8 चरणों में पूर्ण होगा। इसमें कुल 13 माड्यूल है। 12 माड्यूल सामान्य मुद्दे से संबंधित है तथा 13 वां माड्यूल विषयों के शिक्षण शास्त्र से संबंधित है।

दीक्षा एप/पोर्टल पर भारत सरकार के निष्ठा सेकेण्डरी 2.0 ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्तर के (कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक) समस्त शिक्षकों व्याख्याता, व्याख्याता व्यवसायिक, व्याख्याता एल.एल.बी. एवं प्राचार्यों को अनिवार्यतः पूर्ण करना है। कृपया आप अपने साथ-साथ अपनी संस्था के सभी शिक्षकों, व्याख्याताओं को प्रशिक्षण लेने हेतु निर्देशित करें कि इस प्रशिक्षण के सहभागी बनकर अनिवार्यतः प्रशिक्षण पूर्ण करें।

**प्रशिक्षण संबंधी जानकारियाँ –**

- निष्ठा सेकेण्डरी 2.0 ऑनलाइन प्रशिक्षण में कुल 13 मॉड्यूल है जिस पर प्रशिक्षण संपन्न होना है, मॉड्यूल के नाम निम्न है:-

  1. Curriculum and Inclusive Education
  2. Integration of ICT in Teaching] Learning and Assessment
  3. Developing Personal-Social Qualities for Facilitating Holistic Development of Learners
  4. Art Integrated Learning
  5. Understanding Secondary Stage Learners: A Guidance and Counselling Approach
  6. School Leadership Development for Secondary School Heads: Concepts and Applications
  7. School Based Assessment (including HPC concerns)



30/7/21

8. Initiatives in School Education
9. Gender Issues in Education
10. Vocational Education
11. Health and Physical Education
12. Toy-based pedagogy
13. Pedagogy Courses (Any One of following)
    a. Pedagogy of English
    b. Pedagogy of Hindi
    c. Pedagogy of Urdu
    d. Pedagogy of Sanskrit
    e. Pedagogy of Mathematics
    f. Pedagogy of Science
    g. Pedagogy of Social Sciences

➢ **निष्ठा सेकेण्डरी 2.0 ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु प्रतिभागियों के लिए निर्देश –**

1. यदि आपके मोबाइल में दीक्षा एप पहले से इंस्टॉल है तो उसे अनइंस्टॉल कर लें ।
2. गूगल प्ले स्टोर की सहायता से दीक्षा एप डाउनलोड कर इंस्टॉल करें, कृपया सुनिश्चित कर लें कि दीक्षा एप का वर्जन 4.0 या उससे ऊपर हो ।
3. दीक्षा एप को ओपन करें, अपनी भाषा सेलेक्ट करें, शिक्षक सेलेक्ट करें, बोर्ड चुने (State Chhattisgarh), माध्यम हिंदी चुनें, कक्षा चुनें (11वीं–12वीं के शिक्षक Other चुनें) ।
4. दीक्षा एप के निचले दाएं भाग में स्थित प्रोफाइल पर क्लिक करें, लॉगिन बटन को क्लिक करें, "Register Here" पर क्लिक कर पंजीयन करें ।
5. पंजीयन हेतु जन्म का वर्ष, नाम, मोबाइल नंबर, पासवर्ड (अपने अनुसार रखना है जो कम से कम 8 अक्षरों का होगा जिसमें एक Uppercase, एक Lowercase, एक Number और एक Special Character होना अनिवार्य है)।
6. पंजीयन पूर्ण होने के उपरांत दीक्षा एप पर लॉगिन करें तथा दीक्षा एप के निचले दाएं भाग में प्रोफाइल को क्लिक करें।
7. प्रोफाइल में विवरण जमा करें को क्लिक करें यहां पर "I wish to share my data with" में Chhattisgarh को सेलेक्ट कर सबमिट करें।
8. अपने राज्य बोर्ड संस्था द्वारा अनुरोध किया गया आईडी दर्ज करें यहां आप अपना 11 अंकों का E-Kosh आईडी (एम्पलाई कोड) की प्रविष्टि करें।
9. राज्य संगठन के लिए मोबाइल नंबर में – अपना मोबाइल नंबर प्रविष्ट करें।
10. राज्य संगठन के लिए ईमेल आईडी में – अपना ईमेल आईडी प्रविष्ट करें।
11. "मैं दीक्षा एडमिन के साथ इन विवरणों को साझा करने के लिए सहमत हूं" को चेक करें इसके पश्चात जमा करें पर क्लिक करें। कृपया ध्यान रखें "विवरण जमा करें" की जानकारी

30/7/21

के आधार पर ही आपको ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु डाटा पैक की प्रतिपूर्ति के लिए प्रविष्टि कराई जाएगी, इसलिए इस विवरण का सही–सही प्रविष्ठ करना अनिवार्य है।

➢ **दिनांक 1 अगस्त 2021 से प्रथम चरण के तीन माड्यूल CG_SEC_01, CG_SEC_02, CG_SEC_03 हेतु कोर्स को ज्वाइन करना/ कोर्स में भाग लेना**

1. दीक्षा ऐप में लॉगिन इन करें, लॉगिन उपरांत अपना व्यक्तिगत विवरण अच्छी तरह से जांच लें।
2. दीक्षा ऐप में, ऊपर दाएं कोने पर स्थित सर्च बटन को क्लिक करें।
3. CG_SEC_01 / CG_SEC_02 / CG_SEC_03 प्रविष्ठ कर सर्च करें, आपको छत्तीसगढ़ के लिए निर्धारित प्रथम तीन कोर्स प्रदर्शित होंगे । (यहां कृपया ध्यान रखें त्रुटिवश अन्य राज्य के कोर्स ज्वाइन ना करें, गत वर्ष यह देखा गया है कि शिक्षक गलती से चंडीगढ़ का कोर्स ज्वाइन कर लेते हैं जो सामान्यतः CH_ से प्रारंभ होता है।)

   Module 1: CG_SEC_01_पाठ्यचर्या और समावेशी कक्षा-

   **do_3133307848750694412977**

   Module 2: CG_SEC_02_पठन, पांठन और मूल्यांकन में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीक की भूमिका--

   **do_31333342368099532813686**

   Module 3: CG_SEC_03_शिक्षार्थियों के समग्र विकास के लिए व्यक्तिगत–सामाजिक गुणों का विकास-

   **do_31333308111585280013039**

4. प्रत्येक कोर्स में अलग–अलग क्लिक कर "कोर्स में नामांकन कीजिए" में क्लिक करें । कोर्स में नामांकन दिनांक 1 अगस्त 2021 से दिनांक 25 अगस्त 2021 तक उपलब्ध रहेगा एवं आपको तीनों कोर्स को 31 अगस्त 2021 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करना है । कृपया तीनों कोर्स को एक साथ पंजीयन कर लें एवं अपनी सुविधानुसार पूर्ण करें ।
5. मोबाइल में दीक्षा एप पर यदि किसी मॉड्यूल के प्रशिक्षण में समस्या आती है तो लैपटॉप / डेस्कटॉप या मोबाइल में ब्राउज़र की सहायता से दीक्षा के वेबसाइट http://diksha.gov.in में लॉगिन करके भी अपना प्रशिक्षण पूरा किया जा सकता है। ब्राउज़र की सहायता से दीक्षा के वेबसाइट http://diksha.gov.in में लॉगिन करके अपने शिक्षक साथी के मोबाइल में भी अपना प्रशिक्षण पूरा कर सकते हैं।
6. प्रत्येक कोर्स पूर्ण होने पर आपको प्रमाण पत्र ऑनलाइन दीक्षा पोर्टल के माध्यम से जारी होगा इसे डाउनलोड कर सुरक्षित रख लें।
7. मोबाइल पर किन्ही कारणों से प्रमाण पत्र डाउनलोड ना हो या अपूर्ण प्रमाण पत्र डाउनलोड होने पर ब्राउज़र पर जाकर दीक्षा के वेबसाइट http://diksha.gov.in के माध्यम से भी अपना प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
8. दीक्षा पोर्टल पर CG_SEC_ keyword की सहायता से सर्च करने पर भी वर्तमान में जारी तीनों माड्यूल में नामांकन कर प्रशिक्षण प्राप्त किया जा सकता है।



30/7/21

9. यदि आपको कोई तकनीकी समस्या हो तो cgschool.in के सक्रिय सदस्यों से सहयोग प्राप्त करें।

10. सहयोग हेतु अगले स्तर, पर जिला स्तर पर समग्र शिक्षा के प्रोग्रामर से सहायता प्राप्त करें।

11. समग्र शिक्षा के प्रोग्रामर आवश्यकता होने पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद अथवा समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना कार्यालय से सहायता प्राप्त करेंगे।

12. निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण 2.0 के अंतर्गत 13 माड्यूल सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले समस्त प्राचार्यों एवं शिक्षकों (व्याख्याता, व्याख्याता व्यवसायिक, व्याख्याता एल. बी.) को डाटा पैक हेतु प्रतिपूर्ति (Reimbursement) के आधार पर 900 रूपये (नौ सौ रूपये) प्रति शिक्षक संपूर्ण कार्यक्रम हेतु देय होगा।

13. सभी शिक्षकों (व्याख्याता, व्याख्याता व्यवसायिक, व्याख्याता एल. बी.) के साथ स्वयं के पंजीयन एवं प्रशिक्षण पूर्ण कराने की जिम्मेदारी संबंधित प्राचार्यों की होगी। यदि कोई शिक्षक निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण 2.0 में पंजीयन ना करें तो इसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिला परियोजना समन्वयक को देवें । जिला परियोजना समन्वयक जानकारी को संकलित कर संधारित करेंगे एवं आवश्यकता होने पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, समग्र शिक्षा, लोक शिक्षण संचालनालय को उपलब्ध कराएंगे जिससे उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

३०।७।२१

प्रो. व्ही. के. गोयल

**सचिव**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल

........................................................................ रायपुर दिनांक ..........................

प्रतिलिपि,

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, अटल नगर, महानदी भवन, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, अटल नगर, महानदी भवन, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
4. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर को सादर सूचनार्थ।
5. प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय को सूचनार्थ।
6. समस्त कलेक्टर, जिला को सूचनार्थ।
7. समस्त संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग छ.ग. को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

8. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

9. समस्त जिला परियोजना समन्वयक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

30/7/21

सचिव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल